## खबर संक्षेप

### सेक्टर-16 में आवारा पशुओं से लोग परेशान

**करनाल।** सेक्टर 16 में आवारा कुत्तों और बेसहारा पशुओं की समस्या ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। एकता वेलफेयर एसोसिएशन ने नगर निगम आयुक्त और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। प्रधान रमन अग्रवाल ने बताया कि गलियों में 10-10 कुत्ते घूमते रहते हैं, जो बच्चों व बुजुर्गों को काट चुके हैं। कुत्तों की नसबंदी और बेसहारा पशुओं के लिए शेल्टर निर्माण की मांग की गई है। एसोसिएशन के चेयरमैन सुनील चौहान, महासचिव ललित आर्य, संजीव जिंदल, चरणजीत आहूजा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। यह मुद्दा पिछले वर्ष कष्ट निवारण समिति की बैठक में भी उठाया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### टीबी मरीजों को वितरित की न्यूट्रिशन किट

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रधान उत्तम सिंह के दिशा निर्देशन में टीबी रोगियों की सहायता हेतु गुरुवार को आठ मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। यह वितरण जिला रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक के नेतृत्व में किया गया। पाल नगर, सैदपुरा, विजय नगर और गांधीनगर क्षेत्र के मरीजों को मुफ्त न्यूट्रिशन राशन दिया गया। एक टीबी रोगी की मृत्यु के उपरांत उसके परिजन को भी किट सौंपी गई। रोगियों को नियमित दवा सेवन, पौष्टिक आहार और स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी गई।

### ज्वैलर्स की दुकान के ताले तोड़ने का प्रयास

**तरावड़ी।** गत रात्रि नगर पालिका गेट के सामने अज्ञात युवकों ने एक ज्वेलर्स की दुकान के ताले तोडऩे की कोशिश की लेकिन वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। दुकानदार ज्वेलर्स रवि कुमार ने बताया कि रात 3:00 बजे मेरे दुकान मालिक जो की दुकान के पास रहते हैं का फोन आया कि कुछ युवक मेरी दुकान के ताले तोडऩे की कोशिश कर रहे हैं। युवक जैसे ताले तोडऩे की कोशिश कर रहे थे। दुकान के मालिक को बाहर से कुछ गिरने की आवाज आई वह फौरन उठकर बाहर आए और देखा दो युवक दुकान के ताले तोडऩे के प्रयास कर रहे हैं। जैसे उन्होंने उनको आवाज लगाई वह लोहे की राड छोडक़र भाग गए। मौके पर पहुंचे ज्वैलर्स रवि कुमार ने 112 डायल पुलिस को बुलाया। पुलिस ने पहुंच कर घटना की जांच की ओर कैमरे की फूटेज ले ली। यह पूरी घटना दुकान में लगे कैमरों में कैद हो गई।नगर पालिका गेट के सामने अज्ञात युवकों ने एक ज्वेलर्स की दुकान के ताले तोडऩे की कोशिश की लेकिन वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके रवि कुमार ज्वेलर्स ने इस घटना की लिखित शिकायत व कैमरे की फुटेज पुलिस स्टेशन में दी।

# सुपर स्वच्छ शहरों में करनाल को तीसरा स्थान, मंत्री व मेयर सम्मानित

- सफाई मित्रों और नागरिकों की भागीदारी ने दिलाया गौरव, हरियाणा का पहला शहर बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024—जो दुनिया का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण है—के नौवें संस्करण के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। 50 हजार से 3 लाख जनसंख्या वाले सुपर स्वच्छ शहरों की श्रेणी में करनाल ने तीसरा स्थान हासिल कर हरियाणा का पहला ऐसा शहर बनने का गौरव प्राप्त किया है जिसे यह सम्मान मिला है। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया करनाल को सम्मानित



राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होते मंत्री व करनाल मेयर

समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, करनाल की महापौर रेनू बाला गुप्ता तथा नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा को प्रमाण पत्र और महात्मा गांधी की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया। मंच पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल, राज्य मंत्री व सचिव भी उपस्थित रहे।

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने करनालवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे हरियाणा के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सफाई मित्रों, नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों का आभार प्रकट किया तथा कहा कि मनोहर लाल जी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में करनाल ने स्वच्छता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

### नगर निगम के प्रयास और नागरिक सहभागिता

आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि इस सफलता में रिड्यूस, रिसायकल और रियूज सेंटर की स्थापना, शहर को सुंदर बनाने हेतु पेंटिंग अभियान और छात्रों की भागीदारी तथा लगातार चलाए गए जन-जागरूकता कार्यक्रमों की अहम भूमिका रही। उन्होंने सफाई मित्रों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

### प्रदर्शन के आंकड़े

- डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण: 98%
- सोर्स सेग्रीगेशन: 77%
- कचरा प्रोसेसिंग: 76%
- डंपसाइट सुधार: 100%
- वाणिज्यिक व रिहायशी क्षेत्रों की सफाई: 100%
- वाटर बॉडीज की सफाई: 100%
- जन व सामुदायिक शौचालय सफाई: 100%

### सर्वेक्षण प्रक्रिया

नगर निगम की टीम ने मार्च 2024 में भारत सरकार द्वारा भेजी गई मूल्यांकन टीम के समक्ष स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर दस्तावेज और व्यवस्था प्रस्तुत की थी। टीम ने कूड़ा प्रबंधन, नागरिक प्रतिक्रिया, सफाई मित्रों के कल्याण, संस्थागत कार्यप्रणाली, जल प्रबंधन आदि सभी बिंदुओं पर गहन मूल्यांकन किया।

### 11,067 अंक लेकर करनाल तीसरे स्थान पर

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि सर्वेक्षण में करनाल को कुल 12,500 में से 11,067 अंक प्राप्त हुए। स्वच्छ सर्वेक्षण को तीन भागों में विभाजित किया गया था—स्वच्छता (10000 अंक), कूड़ा मुक्त शहर (1300 अंक) और खुले में शौच मुक्त (1200 अंक)। इनमें करनाल ने क्रमशः 9057, 800 और पूरे 1200 अंक प्राप्त किए। साथ ही शहर को 3 स्टार रेटिंग और **ODF-Water Plus** का दर्जा भी मिला है।

## फर्जी दस्तावेजों और फैक्ट्री मालिकों की भूमिका पर उठे सवाल

# पुलिस ने घरौंडा में अवैध रूप से रह रहे 17 बांग्लादेशी नागरिकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

घरौंडा क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों में काम कर रहे 17 बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी ने प्रशासनिक तंत्र और सुरक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फर्जी भारतीय पहचान पत्रों के आधार पर वर्षों से भारत में रह रहे इन विदेशी नागरिकों को पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। प्राथमिक जांच में सभी आरोपी बांग्लादेश के नागरिक पाए गए, जो स्थानीय फैक्ट्रियों में मजदूरी कर रहे थे।

### थाना प्रभारी की पुष्टि

घरौंडा थाने के प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी 17 लोगों की गहन पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं। उन्होंने खुद को भारतीय नागरिक बताने के लिए फर्जी आधार कार्ड, राशन कार्ड और अन्य दस्तावेज बनवा रखे थे। कुछ ने बिहार तो कुछ ने पश्चिम बंगाल का निवासी बनकर अपनी असल पहचान छुपाई हुई थी। पुलिस के अनुसार, इन लोगों को करनाल लाकर दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें इनकी पहचान और दस्तावेजों की फर्जीवाड़ा खुलकर सामने आया। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं, जो अपने बच्चों समेत वर्षों से भारत में रह रही थीं। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि कई फैक्ट्रियों में मजदूरों का रिकॉर्ड अधूरा पाया गया है, जबकि कुछ मामलों में दस्तावेज जानबूझकर छुपाए गए हैं। इससे यह संदेह और गहरा हो गया है कि कुछ फैक्ट्री मालिकों ने सस्ते श्रमिकों की चाह में इन लोगों को जानबूझकर नियुक्त किया। गांवों और कस्बों के नागरिकों में इस घटना को लेकर भारी नाराज़गी और चिंता देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक न सिर्फ सुरक्षा के लिए खतरा हैं बल्कि यह प्रशासनिक लापरवाही भी है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए फैक्ट्रियों की नियमित जांच की जाए और मजदूरों की नियुक्ति के पहले पहचान सत्यापन को अनिवार्य बनाया जाए।



घरौंडा में फर्जी तरीके से रह रहे बंग्लादेशियों को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

### नेटवर्क का खुलासा और दलालों की तलाश

पुलिस अब इस मामले के पीछे सक्रिय नेटवर्क की तलाश में जुट गई है। यह पता लगाया जा रहा है कि ये लोग भारत में कैसे प्रवेश कर पाए, फर्जी दस्तावेज किसने बनवाए और क्या इसमें किसी दलाल या अवैध मानव तस्करी गिरोह की भूमिका है। संभावना है कि यह एक सुनियोजित नेटवर्क हो सकता है जो देशभर में सक्रिय है और अवैध रूप से लोगों को भारत लाकर काम पर लगवा रहा है।

### मामला दिल्ली पुलिस को सौंपा गया

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक पूछताछ और दस्तावेजी जांच के बाद सभी 17 आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया है। अब केंद्रीय एजेंसियां इस मामले की अगली कार्रवाई करेंगी, जिसमें उन्हें उनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया भी शामिल है।

### फैक्ट्री मालिकों की भूमिका संदेह के घेरे में

इस मामले के उजागर होने के बाद अब जांच का फोकस उन फैक्ट्री मालिकों पर केंद्रित हो गया है, जिन्होंने इन अवैध नागरिकों को रोजगार दिया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी मजदूर की नियुक्ति से पहले उसकी पहचान और दस्तावेजों की जांच करना फैक्ट्री मालिक का दायित्व

### जांच जारी, और गिरफ्तारियों की संभावना

फिलहाल पुलिस ने कई फैक्ट्री मालिकों को नोटिस भेजकर दस्तावेज प्रस्तुत करने और स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है। आने वाले दिनों में इस मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं, क्योंकि पुलिस इस पूरे नेटवर्क की तह तक जाने के लिए लगातार छापेमारी और पूछताछ कर रही है।



### सिंचाई विभाग के कर्मचारियों का धरना जारी

करनाल। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन द्वारा सिंचाई विभाग के 450 कर्मचारियों के लंबित वेतन को लेकर 14वें दिन भी धरना जारी रहा। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान रंगलाल संधू और संचालन जिला सचिव रोहताश खोखर ने किया। संधू ने बताया कि विभागीय लापरवाही से कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है। सचिव रोहताश खोखर ने बताया कि कुरुक्षेत्र में 11 वर्ष पूर्व हुई नहर दुर्घटना में मृतक के परिवार को कोर्ट द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि भी अब तक जारी नहीं की गई है। हालांकि, चंडीगढ़ में अधिकारियों के साथ बातचीत हुई है, लेकिन जब तक वेतन जारी नहीं होता, धरना जारी रहेगा। इस अवसर पर सेवाराम बड़सर, सुरेश शर्मा, रमेश कुमार, संजय कुमार, सतीश कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छठ पूजा के स्थायी समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



छठ पर्व सेवा समिति (सूर्य मंदिर) का गुरुवार को संयोजक जगमोहन आनंद के साथ मिलन हुआ, जिसमें छठ पूजा से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर मांगें रखी गईं। समिति ने करनाल रेलवे स्टेशन पर बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष पिज्जा व्यवस्था, पीएलसी संचालन और स्टेशन पर बिहार रूट स्टॉल की मांग उठाई। समिति के प्रधान सुरेश यादव ने कहा कि करनाल में बिहार के हजारों परिवार रहते हैं, ऐसे में सुविधाएं अपर्याप्त हैं। उन्होंने यमुना नहर पर बने सूर्य मंदिर मार्ग और सूर्य नमस्कार पार्क नामकरण की मांग भी की। साथ ही छठ पूजा के लिए घाटों का विस्तार और नए घाटों के निर्माण का सुझाव दिया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसी भी सेक्टर में एक हजार गज जमीन छठ पूजा के स्थायी स्थल के रूप में चिन्हित की जाए और सार्वजनिक सुविधा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस बैठक में अर्जुन पंडित, नागेंद्र महतो, शत्रुघ्न राय, दिलीप कुमार, अशोक यादव, राम सागर, कृष्ण राय, दिवाकर प्रसाद, संजय कुमार, मंकी राय आदि रहे।

## एसडीओ घरौंडा के खिलाफ प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



पब्लिक हैल्थ घरौंडा के प्रांगण में लगातार दूसरे दिन एसडीओ के खिलाफ हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन रजि न. 41 ने दो घंटे की गेट मीटिंग करके नारेबाजी की गई।

पिछले लगभग 8 महीने की कच्चे कर्मचारियों की सैलरी और अन्य कर्मचारियों की समस्याओं पर अपने अड़ियल रवैया अपनाए रखा और आज अपनी कुर्सी पर नहीं आया जिसके चलते आज फिर यूनियन के शिष्ट मंडल व कर्मचारी साथियों ने एसडीओ घरौंडा के खिलाफ लगातार दूसरे दिन 2 घंटे की गेट मीटिंग में नारेबाजी की गई। जब तक कोई उचित समाधान नहीं होता तब तक हर रोज ऐसे ही 2 घंटे गेट मीटिंग की जाएगी। इस गेट मीटिंग की अध्यक्षता ब्लॉक ब्रांच प्रधान संदीप शर्मा और मंच का संचालन अनिल उपली ने किया। स्टेट के साथी अंकित राणा, पूर्व प्रधान नरेश सैन, सुरेश सैनी, रमेश कुमार, सुभाष, राजिन्द्र सिंह, विक्रम, पवन, रणबीर, सुनील, रामसुमेर, विनोद, प्रेम शर्मा,रमेश राठी, कैलाश व अन्य साथी मौजूद रहे। एसडीओ रविंद्र सैनी ने कहा जिन कच्चे कर्मचारियों का वेतन रुका हुआ है उनकी फाइलें बनाकर एक्सियन करनाल को भेजी जा चुकी है शीघ्र ही सभी का वेतन दे दिया जाएगा ।



### मूर्ति स्थापना का भव्य कार्यक्रम आयोजित

तरावड़ी। श्री खाटू श्याम मंदिर तरावड़ी में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम 27 अगस्त से 1 सितम्बर तक हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार व मंदिर कमेटी के संरक्षक प्रमोद बंसल व प्रधान विनीत बंसल ने गुरुवार को मन्दिर कमेटी के सदस्यों की बैठक करके मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों को लेकर चर्चा की और बताया कि 27 अगस्त को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू होगा। जिसमें पूरे विधि विधान से ब्राह्मण पूजा अर्चना करेंगे। शोभा यात्रा 30 अगस्त को शाम 4 बजे नगर खेड़ा तरावड़ी से में बाजार से होते हुए खाटू धाम तरावड़ी तक भव्य निशान यात्रा बैंड बाजों के साथ धूमधाम के साथ निकली जाएगी। जिसमें शहर के हजारों लोग अपनी हिस्सेदारी करेंगे। 1 सितम्बर को विशाल कीर्तन होगा।

### नगरपालिका सचिव राहुल सैनी का स्वागत

**नीलोखेड़ी।** सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के सदस्यों ने नगरपालिका के नए सचिव राहुल सैनी का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान अशोक धवन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नपा चेयरपर्सन सनमीत आहूजा से मुलाकात कर शहर की विभिन्न समस्याएं रखीं। वरिष्ठ नागरिकों ने प्रशासन को आश्वासन दिया कि नीलोखेड़ी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए वे हरसंभव सहयोग देंगे। चेयरपर्सन सनमीत आहूजा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अपने अनुभवों के बल पर समाज को दिशा देने में समर्थ हैं।




### यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन

करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डीएलएसए अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में वीरवार को "रोड रूल्स, लाइफ टूल्स" अभियान के तहत दो स्कूलों में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि यह अभियान स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर संचालित किया जा रहा है। चिड़ाव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पैरा लीगल वालंटियर अज्ञा पाल ने इंस्पेक्टर रोशन लाल व एसआई सुरेंद्र कुमार के साथ कार्यक्रम का संचालन किया। वहीं कैमला विद्यालय में इंस्पेक्टर राजेशलता ने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी और **GT** रोड पर चालान ड्राइव भी चलाई गई।

## भगवान का नाम ही सर्वश्रेष्ठ : आचार्य कृष्ण

- अग्रवाल धर्मशाला मे चल रही श्री मदभागवत कथा का तीसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्रावण मास के उपलक्ष्य मे नगरवासियों के सहयोग से अग्रवाल धर्मशाला मे शहर की सुख शान्ति के लिये श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में तीसरे दिन की कथा मे कथा वाचक श्री कृष्ण जी वृन्दावन वाले ने भगत प्रल्हाद चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान का नाम सिर्फ़ एक बार जपने से ही हमारा जीवन सफ़ल हो जाता है। भगवान राम जी जब लंका में प्रवेश करने के लिए समंदर पार करने के लिए सभी वानर सेना पत्थर पर राम लिखकर डाल रहे तो पानी पर तैरता रहता था लेकिन जब भगवान राम एक पत्थर को समुद्र में छोड़ा तो वह पत्थर पानी में डुब गया, तो भगवान राम सोचने लगे कि यह क्या हुआ तो श्री हनुमान जी यह सब देख रहे थे तो राम जी कहा कि किसी को मत बताना वरना सब हसेगें, लेकिन श्री हनुमानजी ने कहा कि नहीं प्रभु इससे यह साबित हो गया। जिन्होंने राम नाम जपा वह तरह गए ओर जिनको राम जी ने छोड़ा वह डूब गए। इसलिए भगवान का नाम ही सर्वश्रेष्ठ है। कल चौथे दिन कथा भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मुख्य यजमान अशोक गुप्ता,जय प्रकाश भारद्वाज, राम निवास बसंल, विमल गोयल, बृजमोहन गर्ग आदि रहे।



तरावड़ी। मंच से कथा व्यास प .आचार्य कृष्ण महाराज वृंदावन वाले कथा वर्णन करते हुए और कथा मे उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी



### बाल आश्रम में जागरूकता शिविर का आयोजन

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धानंद बाल आश्रम में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने की। डॉ. इरम हसन ने शिक्षा के अधिकार और निःशुल्क कानूनी सहायता के विषय में बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि गरीब, महिला, बच्चा, दिव्यांग, आपदाग्रस्त व्यक्ति, एचआईवी पीड़ित आदि निःशुल्क कानूनी सहायता पाने के हकदार हैं। सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 0184-2266138 या 15100 पर संपर्क किया जा सकता है।



### प्रशिक्षण में प्रशासनिक दक्षता पर विशेष फोकस

**करनाल।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), शाहपुर में चल रहे 12 दिवसीय नेतृत्व विकास एवं प्रशासनिक दक्षता प्रशिक्षण कार्यक्रम के दसवें दिन की शुरुआत पिछले सत्र की समीक्षा से हुई, जिसे डॉ. देवेंद्र शर्मा (जिला समन्वयक) ने सहभागिता आधारित तरीके से संचालित किया। प्रवीण कुमार और रेखा चालिया ने 21वीं सदी के आवश्यक कौशल – नेतृत्व, संप्रेषण, सहयोग और समस्या समाधान पर प्रशिक्षण दिया। द्वितीय सत्र में मनीष कुमार ने स्कूल विकास योजना और वित्तीय संसाधनों के प्रबंधन पर जानकारी साझा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम की निगरानी रोहतास वर्मा (जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी) ने की और प्रतिभागियों को प्रेरित किया।



### सिस्टम के विरोध में वेल्लोर यूनियन का प्रदर्शन

**करनाल।** वेल्लोर केयर एंड हेल्पर यूनियन द्वारा आंगनवाड़ी सेवाओं में फेस रिकग्निशन सिस्टम लागू करने के विरोध में छह महीने से लगातार आवाज उठाई जा रही है। गुरुवार को यूनियन की जिला अध्यक्ष रूपा राणा और सह सचिव सुदेश सग्गा के नेतृत्व में फव्वारा पार्क में विरोध सभा आयोजित की गई। यूनियन का कहना है कि पोषण ट्रैकर के अपडेटेड संस्करण के लिए विभाग ने थ्रीजी मोबाइल दिए हैं, जबकि उच्च गुणवत्ता वाले 4G/5G मोबाइल, तेज इंटरनेट और टैब की आवश्यकता है। बिना संसाधनों के कार्य करना संभव नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि एफ-रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता समाप्त की जाए, बालवाड़ी सेवाओं का डिजिटलीकरण उपयोगकर्ता अनुकूल बनाने की मांग की गई।



### मनरेगा अधिकारियों का प्रशिक्षण समाप्त

नीलोखेड़ी। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में देश के विभिन्न राज्यों से आए मनरेगा अधिकारियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम का समापन हुआ। निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि योजनाओं का प्रभाव तभी दिखता है जब अधिकारी ईमानदारी और समर्पण से कार्य करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंध्र प्रदेश सरकार में मनरेगा निदेशक और भारतीय वन सेवा के अधिकारी वाई वी षण्मुख कुमार ने की। उन्होंने हरियाणा में गंदे पानी प्रबंधन और ग्राम स्तरीय नर्सरी मॉडल की सराहना की।



### शुगर मिल में किया पौधरोपण

करनाल। पर्यावरण संरक्षण समिति पंजिकृत करनाल द्वारा करनाल कोऑपरेटिव शूगर मिल परिसर में वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण किया गया। समिति ने आम, नीम, बेलपत्र, आंवला, गुलमोहर, सुहांजना, इमली आदि पौधे लगाए। समिति के चेयरमैन एस.डी. अरोड़ा ने कहा कि पेड़ केवल फल और छाया ही नहीं देते, बल्कि जीवनदायिनी ऑक्सीजन का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ों की कटाई से मौसम का मिजाज बिगड़ गया है, इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए। कार्यक्रम में राजपाल लाठर, अंजू शर्मा, विनोद गुप्ता, देवेंद्र मोहन सिंह, राम रतन अत्री, डॉ. वी.के. शर्मा, राजू लाठर, संतोष कुमारी सहित शूगर मिल स्टाफ एवं वर्कर शामिल रहे।

### श्री खाटू श्याम मंदिर कमेटी ने किया पौधरोपण



**करनाल।** श्री खाटू श्याम मंदिर कमेटी द्वारा सावन मास के शुभ अवसर पर जुंडला गेट स्थित शिवपुरी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से पौधे रोपकर हरियाली का संदेश दिया। मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि सावन माह भगवान शिव को समर्पित होता है और पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधे लगाना पुण्य का कार्य है।

## खबर संक्षेप

### बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ

**पानीपत।** पानीपत क्लब में 14वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य अतिथि जितेंद्र अहलावत व एसएस दत्त संजय कटारिया भूपेन्द्र नांदल ने किया। वहीं टूर्नामेंट में सुधांशु प्रभाकर, दिशांत अहलावत, ईशान नांदल, गर्ल्स अंडर 11 में खुशी और पावनी ने सेमीफाइनल में जगह बनायी। अंडर 15 अन्म, यश व युवल आदि बच्चों ने दमदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रधान जुगल डावर, महासचिव मुकेश मदान, सतीश महाजन, अशोक गोयल, ओम प्रकाश रणोलिया, सहदेव विज, वाइस प्रेसिडेंट दिनेश संदूजा, दीपक बजाज, मुकेश तलवार, अभिषेक वत्स, नितिन अरोड़ा, विपिन, राजीव आदि एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

### घर से जेवर चोरी, केस दर्ज किया

**इसराना।** पानीपत के गांव नौल्था की इंद्रा कालोनी निवासी जोनी के घर से चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए, इनकी कीमत करीब एक लाख रुपये है। वही जोनी की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जबकि एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से चोरों के हाथों के निशान आदि लिए है।

### सरपंच ने रखा अपना पक्ष

**पानीपत।** पानीपत के गांव बापौली में गत रविवार को आर्य समाज मंदिर का ताला तोड़ने पर दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में सरपंच पति शिव कुमार रावल ने गांव बापौली स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से कहा कि गांव के कुछ लोग अपने राजनीतिक द्वेष के चलते आर्य समाज को ढाल बनाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रहे है और ग्राम पंचायत की कीमती जगह पर अपना अवैध कब्जा करना चाहते है।

### सड़कों की मरम्मत की मांग

**पानीपत।** जेजेपी जिला अध्यक्ष रामनिवास पटवारी, राजकुमार मलिक, एक्स सरपंच रामहेर मलिक, कृष्ण, नितिन,नरेश कादियान व बलराज जेजेपी नेता देवेंद्र कादियान ने नांगलखेड़ी चौक पर लगातार हो रहे हादसे को लेकर मौके पर पहुंचकर प्रशासन को सूचित किया और सड़कों की मरम्मत की मांग की।

### मारपीट के दो आरोपी पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने गांव बांध में अमन को डंडे व चाकू से चोट मारने व जाति सूचक गाली गलौच करने के दो आरोपियों बांध गांव निवासी अमित पुत्र कर्मबीर व अमित पुत्र जगत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी राजबीर सिंह ने बताया कि थाना इसराना में बांध गांव निवासी अमन की शिकायत पर इस मामले में केस दर्ज है।

### बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**इसराना।** थाना मतलौडा की उरलाना चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले आरोपी संतोष झा पुत्र श्रीराम बालक झा निवासी गांव शेखपुरा जिला समस्तीपुर, बिहार को गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज अनिल ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना मतलौडा में गांव सींक निवास बलकार पुत्र जगदीश की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### आर्य बाल भारती स्कूल में विश्व न्याय दिवस मनाया

**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में विश्व न्याय दिवस मनाया गया। स्कूल के कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक, उप प्रधान ओम दत्त आर्य और उपप्राचार्य जगदीश चहल मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित भी किया। वहीं मलिक ने कहा कि 17 जुलाई को प्रतिवर्ष विश्व न्याय दिवस मनाया जाता है। लोगों को न्याय दिलवाने, मानवाधिकार और अंतर्राष्ट्रीय कानून के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए ही यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कानून व न्याय के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आज ही के दिन यह दिवस क्यों मनाया जाता है।

---

### जनता समाधान शिविर निर्बल लोगों के लिए लाभदाई

# जनता की निष्काम सेवा करें अधिकारी : डॉ. संजय

■ शिविर में विभिन्न विभाग से जुड़ी कुल 84 समस्याएं पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत नगर निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय समाधान शिविर में जन सुनवाई करते हुए। फोटो :हरिभूमि

जिला सचिवालय सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए पानीपत नगर निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि ये जनता समाधान शिविर निर्बल लोगों के लिए लाभदाई है। इसमें जरूरतमंद को अधिकारियों की मेहनत का लाभ मिल रहा है। इसमें वहीं लोग अपनी समस्याओं को लेकर आते हैं जो ज्यादा जरूरतमंद है व जिनकी समस्याओं का निदान नहीं हो रहा था। अधिकारी जनता की निष्काम सेवा करें। वहीं डीएसपी हेड क्वार्टर सतीश वत्स ने कहा कि हमारे द्वारा लिए गए निर्णय एकजरूरत मंद को बड़ा फायदा पहुंचा सकते हैं। इसका हमें इलम होना चाहिए। डीडीपीओ राजेश शर्मा ने कहा कि कोई भी समस्या उस वक्त तक बड़ी है जब तक हम उसे दूर करने का निर्णय नहीं लेते। आज के शिविर में विभिन्न विभाग से जुड़ी कुल 84 समस्याएं पहुंची। ज्यादातर का मौके पर समाधान तथा शेष को संबंधित अधिकारी को सौंप दिया गया। इस मौके पर डिप्टी डीएचओ शार्दुल शंकर, डिप्टी सीएमओ डॉ. दिव्या साहनी, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कर्ण बहल, एसडीओ सूबे सिंह, खेल प्रशिक्षक सुषमा, डीपीओ परमिंदर कौर, डिप्टी सीईओ कंचन लता के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पानीपत पुलिस ने तीन कुख्यात अपराधी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत के गांव निंबरी में किराना दुकानदार बलिंद्र के पुत्र रजत पर गोली चला जानलेवा हमला करने के तीन आरोपियों गांव धनसौली निवासी संदीप, गांव कुराड निवासी मंजीत व गांव सनौली खुर्द निवासी अनुरोध को सीआईए थ्री पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर 24 में उग्राखेड़ी रोड से गिरफ्तार किया है। स्मरणीय है कि पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने इस केस को गंभीरता से लेते हुए इस मामले की जांच सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय व उनकी टीम को सौंपी थी। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक देसी पिस्तौल, पांच जिंदा रौंद व कार बरामद किए। जबकि इस केस में फरार आरोपी विकास उर्फ विक्का को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। आरोपी अनुरोध पर हत्या व मारपीट के दो मामले, आरोपी मंजीत पर मारपीट का एक मामला व आरोपी संदीप पर मारपीट व एक्साइज एक्ट के तीन मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि थाना चांदनी बाग में बलविंद्र की शिकायत पर बीएनएस की धारा 109(1), 3(5) व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### भाजपा की रीढ़ हैं कार्यकर्ता: दुष्यंत



दुष्यंत भट्ट

■ भाजपा हाईकमान ने पानीपत में संगठनात्मक नियुक्तियां की

**पानीपत।** भाजपा जिला संगठन में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श करने के बाद संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बताया कि विधानसभा पानीपत शहरी मॉडल टाऊन मंडल के लिए अवनीत कौर को मंडल पालक और वेद पाराशर को मंडल प्रभारी, कृष्णपुरा मंडल के लिए डॉ.अर्चना गुप्ता को मंडल पालक और तरुण गांधी को मंडल प्रभारी, तहसील कैंप मंडल के लिए पूर्व सांसद संजय भाटिया को मंडल पालक और रेशमा राजपुत को मंडल प्रभारी, उत्तरी शहरी मंडल के लिए विधायक प्रमोद विज को मंडल पालक और शहरी दक्षिण के लिए संजय अग्रवाल को मंडल पालक और नवीन भाटिया को मंडल प्रभारी बनाया गया है। कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ है। पानीपत ग्रामीण विधानसभा के काबड़ी के लिए कोमल सैनी को मंडल पालक और संजय त्यागी को मंडल प्रभारी, बबैल मंडल के लिए सुनील परढाना को मंडल पालक और अशोक कटारिया को मंडल प्रभारी, कुटानी रोड मंडल के लिए जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को मंडल पालक और भावना जैन को मंडल प्रभारी, काला आम्ब मंडल के लिए गजेंद्र सलूजा को मंडल पालक और अनीता चावला को मंडल प्रभारी, सिवाह मंडल के लिए कैबिनेट मंत्री महीपाल ढांडा को मंडल पालक और राजेश जागलान को मंडल प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार समालखा विधानसभा के समालखा शहरी मंडल के लिए कृष्ण छोक्कर को मंडल पालक और रविंद्र तुषामड को मंडल प्रभारी, समालखा ग्रामीण मंडल के लिए विधायक मनमोहन भढ़ाना को मंडल पालक और नरेश बेनीवाल को मंडल प्रभारी, चुलकाना धाम मंडल के लिए सुनील कंसल को मंडल पालक और जगबीर आर्य को मंडल प्रभारी, बापौली मंडल के लिए राजेंद्र हलढाना को मंडल पालक और अमरजीत कोहली को मंडल प्रभारी, सनौली मंडल के लिए रविंद्र भाटिया को मंडल पालक और रविंद्र रावल को मंडल प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार इसराना विधानसभा के इसराना मंडल के लिए राममेहर मलिक को मंडल पालक और ज्योति शर्मा की मंडल प्रभारी, मतलौड़ा मंडल के लिए लोकेश नांगरू को मंडल पालक और रोशन लाल माहला को मंडल प्रभारी, पाथरी धाम मंडल के लिए कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार को मंडल पालक और ईश कुमार राणा को मंडल प्रभारी, थर्मल मंडल के लिए सुमित जागलान को मंडल पालक और ज्योति प्रमोद कुराडिया को मंडल प्रभारी बनाया गया है। जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बताया कि आज जिला महामंत्री सुनील कंसल को पानीपत ग्रामीण और इसराना विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा प्रभारी बनाया गया है।



## कांवड़मय होने लगा पानीपत, शिवभक्तों का मार्ग हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज रहा

*__पानीपत।__ जैसे-जैसे सावन मास की पावन शिवरात्रि का पर्व नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे यमुना पुल व सनौली खुर्द से होकर गुजरने वाले शिवभक्तों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। हरियाणा के रोहतक, भिवानी, झज्जर सहित अन्य जिलों के हजारों कावडियां बोल बम के जयघोष के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने-अपने गांव और शहरों की ओर लौट रहे हैं। बारिश हो या तेज धूप आस्था के इस अद्भुत उत्सव में मौसम कोई बाधा नहीं बन पा रहा। शिवभक्तों की टोलियां बम-बम भोले की धुन पर झूमते हुए आगे बढ़ रही हैं। पूरा मार्ग हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज रहा है। कुछ श्रद्धालु ऐसे हैं जो पहली बार कावड़ यात्रा पर निकले हैं तो कुछ भोले ऐसे भी मिले जो पिछले पांच से दस वर्षों से यह यात्रा कर रहे हैं।*

### कैंप में 163 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**शाहबाद।** रोटरी क्लब के सौजन्य से स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने हेतु एक दिवसीय फाइब्रो स्कैन चेकअप कैंप लगाया गया। जिसमें लगभग 163 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैंप की शुरूआत क्लब के प्रधान डॉक्टर आर. एस. घुम्मन के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि इस क्लब का उदेश्य लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना है।

## श्री श्याम सेवा कृपा मंडल ने सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। श्री श्याम सेवा कृपा मंडल सदस्यगण, पार्षद संजय गोयल व रेखा गोयल को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

श्री श्याम सेवा कृपा मंडल समालखा द्वारा समालखा शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल एवं पार्षद संजय गोयल को उनके कष्ट निवारण समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर श्याम स्मृति चिन्ह भेंट करके और पटका पहना कर अभिनन्दन किया।

वहीं पार्षद संजय गोयल ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को समिति में उठाएंगे तथा पार्टी की आशाओं पर खरा उतरने का काम करेंगे। इस अवसर पर श्री श्याम कृपा सेवा मंडल प्रधान सुभाष गोयल, विजय जैन, विनीत जैन, विक्की जैन, मंडल महामंत्री रॉकी वर्मा, संदीप, रिंकी, मनीष मित्तल, विक्की मोगा, अजय बड़गुज्जर व पवन मित्तल आदि मौजूद रहे।

## जनता के प्रति अपने कर्तव्य निभाएं बैंक : टीनू

■ नगराधीश ने 10 उपभोक्ताओं को सैंक्शन लेटर भी मौके पर उपलब्ध करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



नगराधीश टीनू पोसवाल उपभोक्ताओं को सैंक्शन लेटर भेंट करते हुए।

पर्यटन केंद्र स्काई लार्क के सभागार में पंजाब नेशनल बैंक मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि नगराधीश टीनू पोसवाल ने कार्यक्रम के आयोजक पंजाब नेशनल बैंक को जन हित के लिए आयोजित किया जा रहे आउट रिच कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाइयां दी व इस तरह के कार्यक्रमों को भविष्य में भी जारी रखने की लिए कहा। उन्होंने कहा कि मेगा रिटेल आउट कार्यक्रम का लाभ लोगों को सीधे तौर पर पहुंचता है। इस रिटेल आउटरीच कार्यक्रम में आवास ऋण, माइ प्रॉपर्टी लोन और शिक्षा ऋण उपलब्ध कराए जाते है। उन्होंने इस मौके पर कल्पनिधि योजना की भी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जनता के प्रति अपने कर्तव्य निभाएं बैंक इस मौके पर नगराधीश ने 10 उपभोक्ताओं को सैंक्शन लेटर भी मौके पर उपलब्ध करवाए। कार्यक्रम में पहुंचने पर बैंक प्रबंधन की ओर से बुके देकर नगराधीश का अभिनंदन किया गया। वहीं महाप्रबंधक विक्रम जीत सोम ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेते हुए कहा कि बैंक हमेशा जनता का हितेषी रहा है व सस्ती दरों पर जरूरतमंदों को ऋण उपलब्ध कराता है। उन्होंने पीएम विद्या लक्ष्मी योजना के बारे में भी जानकारी दी। आउटरीच कार्यक्रम के प्रबंधक हार्दिक आनंद ने बताया कि हर महीने जिले में एक आउट रिच कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में मंडल प्रमुख अभय कुमार सिंह व मंडल उप प्रमुख संजय कुमार गोंडवाल, एलडीएम राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण को घना करें विद्यार्थी:अग्रवाल

■ जीडी गोयंका स्कूल के बच्चों ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। जीडी गोयंका स्कूल में एक पेड़ मां के नाम लगाते नन्हे विद्यार्थी।

जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में एक पेड़ा मां के नाम जो प्रधान मंत्री द्वारा आयोजित मुहिम है। उसके तहत बच्चों ने स्कूल प्रांगण में पौधरोपण किया और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी ली। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल ने बच्चों को शुद्ध वातावरण के फायदे बताते हुए बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया। प्रधानाचार्य रेणुका अनेजा ने कहा कि भावनात्मक और पार्यावरण पहल है। जिसका उद्देश्य है हर व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के घना होने से वातावरण में प्रदूषण कम होगा और मानव आदि का स्वास्थ्य बेहतर हो जाएगा। वहीं पर्यावरण घना होने से वातावरण हरा भरा होगा।

उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे रोपने चाहिए और उनकी जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए। वहीं मानसून के दौरान रोपे गए पौधे मिट्टी में जल्द जड पकडते है और तेजी से फलते फुलते है। इसके मद्देनजर मानसून के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने चाहिए। इस अवसर पर स्कूल वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन, बलराम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पक्षियों के लिए जल व दाना पात्र बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



इन्नर व्हील क्लब ने चलाया गौरैया संरक्षण जागरूकता अभियान। फोटो :हरिभूमि

इन्नर व्हील क्लब पानीपत मिडटाउन ने गौरैया संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया। कहां गई मेरे आंगन की गौरैया थीम पर आधारित इस सप्ताहव्यापी अभियान के तहत क्लब ने पक्षियों के लिए मिट्टी के जल व दाना पात्र वितरित किए और नागरिकों को अपने घरों में गौरैया के लिए सुरक्षित स्थान व पानी की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया। क्लब की प्रधान रूपाली चोपड़ा ने बताया कि सेल्फी विद स्पैरो प्रतियोगिता की भी शुरुआत की है। जिसके अंतर्गत प्रतिभागियों से आग्रह किया गया है कि वे अपने घरों में रखे गए जलपात्रों या गौरैया के घौंसले के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर सांझा करें और क्लब को टैग करें।

प्रतियोगिता के तहत प्राप्त शीर्ष पांच सर्वश्रेष्ठ सेल्फी फोटो को चयनित कर 25 जुलाई को क्लब के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर विजेताओं की घोषणा की जाएगी। क्लब सम्पादक श्वेता मिगलानी ने नागरिकों से अपील की कि वे बरसात के मौसम में अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपे व पक्षियों के पालन पोषण को उनके लिए दाना पानी का इंतजाम करें।

### दुखभंजन महादेव मंदिर परिसर में की सफाई

**कुरुक्षेत्र।** स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत आज दुख भंजन महादेव मंदिर परिसर के पास के स्थान पर साफ सफाई का कार्य किया गया। दुख भंजन महादेव मंदिर के उपाध्यक्ष डॉ. एमके मुदगिल ने बताया कि सावन मास का समय होने के कारण और कावड़िया शिविर होने के कारण मंदिर परिषद के आसपास काफी मात्रा में पेपर के बर्तन प्लास्टिक के गिलास, फूल और तमाम प्रकार की गंदगी मंदिर के आसपास में फैले हुए रहते हैं। इस परिसर को साफ और स्वच्छ रखने के लिए हमने कल 200 स्टील की थाली और अन्य प्रकार के उपयोगी वस्तु को मंदिर परिसर में दिया।

## ऑर्थोपेडिक की अनदेखी भविष्य में बड़ा रोग बन जाती है: डॉ. भूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। मैक्स हॉस्पिटल और हैदराबादी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स व पदाधिकारीगण प्रेस वार्ता करते हुए।

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, द्वारका ने पानीपत स्थित हैदराबादी हॉस्पिटल में अपनी विशेष रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, द्वारका और बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली के ऑर्थोपेडिक्स (जॉइंट डिजीज़ एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट) विभाग के चेयरमैन एवं एचओडी, डॉ. भूषण नरियानी, की उपस्थिति में ओपीडी सेवाओं का उद्घाटन किया गया। डॉ. भूषण नरियानी अब हर महीने के दूसरे रविवार को हैदराबादी हॉस्पिटल, पानीपत में परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। डॉ. भूषण नरियानी ने कहा कि ऑर्थोपेडिक समस्याएं की अनदेखी भविष्य में इंसान के बडी परेशानी का सबब बन जाती है। इसके मद्देनजर ऑर्थोपेडिक समस्याओं की अनदेखी ना करें और उनसे उपचार लें। दावा किया कि रोबोटिक सर्जरी ने ऑर्थोपेडिक और जॉइंट सर्जरी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। वहीं, उन्नत चिकित्सा तकनीकों की मदद से मरीजों की रिकवरी पहले की तुलना में बहुत तेज होती है।

### डीएसपीएस की टीम ने बास्केटबाल में पाया दूसरा स्थान

# विद्यार्थियों को संघर्षशील बनाता है खेल: डॉ. तोमर

■ डॉ.विनीता तोमर ने शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्टता के बीच संतुलन बनाने के महत्व पर जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। दयाल सिंह स्कूल की विजेता टीम, अथितियों के साथ प्रसन्न मुद्रा में।

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल की अंडर 19 गर्ल्स बास्केटबॉल टीम ने चरखी दादरी में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर ने टीम और उनके कोच को संस्थान का नाम रोशन करने बधाई देते हुए कहा कि खेल, विद्यार्थियों को अनुशासन की राह पर चलते हुए अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने की राह दिखाते हुए।

खेल विद्यार्थियों को संघर्षशील बनाता है। उन्होंने बताया कि फाइनल मैच दयाल सिंह पब्लिक स्कूल और टैगोर पब्लिक स्कूल रेवाडी के बीच हुआ। डीएसपीएस की टीम ने 28 अंक और प्रतिद्वंद्वी टीम ने 33 अंक बनाए। उन्होंने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी छात्राओं से दूसरी छात्राओं को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर ने शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्टता के बीच संतुलन बनाने के महत्व पर जानकारी दी।

### दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए लगेगा जांच शिविर

**कुरुक्षेत्र।** समग्र शिक्षा के जिला परियोजना संयोजक संतोष चौहान ने कहा कि अतिरिक्त उपायुक्त एवं समग्र शिक्षा के सह-अध्यक्ष की अध्यक्षता में वर्ष 2025-26 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए 24 जुलाई व 25 जुलाई तक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन शिविर का आयोजन ब्लॉक स्तर पर राजकीय आदर्श संस्कृति विद्यालय कुरुक्षेत्र के केशव सदन में आयोजित किया।

